# सोनुभाऊ बसवंत कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, शहापुर, जि. ठाणे
# हिन्दी विभाग
# वार्षिक गतिविधियाँ
# 2024-25

महाविद्यालय के विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास हो इस हेतु इस वर्ष हिन्दी विभाग द्वारा विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया था। ये गतिविधियाँ निम्नांकित है-

## ❖ 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय पर शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन

सोनुभाऊ बसवंत महाविद्यालय और UGC, मालवीय मिशन टीचर्स ट्रेनिंग सेंटर, मुंबई विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 11 नवंबर 2024 से 18 नवंबर 2024 को 'भारतीय ज्ञान परंपरा' विषय को केंद्र में रखकर शॉर्ट टर्म कोर्स का आयोजन किया गया था। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुसार भारतीय ज्ञान परंपरा को पाठ्यक्रम में महत्व दिया गया है। इस विषय की गहराई और महत्व देश के विभिन्न महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के प्राध्यापकों तक पहुंचाने हेतु इस कोर्स का आयोजन किया गया था। इस कोर्स को सफल बनाने हेतु इस पाठ्यक्रम के समन्वयक तथा सोनुभाऊ बसवंत महाविद्यालय के प्र. प्राचार्य प्रो. डॉ. अनिल सिंह, सह-समन्वयक उप-प्राचार्य डॉ. संतोष गायकवाड़ तथा IQAC समन्वयक तथा ग्रंथपाल प्रो. डॉ. शहाजी वाघमोड़े की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस पाठ्यक्रम में देश के विभिन्न महाविद्यालयों के लगभग 78 प्राध्यापकों ने अपनी सहभागिता निश्चित कर पाठ्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा किया।

***************************